भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1937**

दिनांक 17.12.2013/26 अग्रहायण, 1935 (शक) को उत्तर के लिए

**भारत रत्न हेतु मानदंड**

†1937. **डॉ० थोकचोम मैन्या:**
**श्री अर्जुन राम मेघवाल:**
**श्री शिवराम गौडा:**
**श्रीमती विजया चक्रवर्ती**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में नागरिक सम्मान अर्थात् भारत रत्न और पद्म सम्मान प्रदान करने हेतु क्या मानदंड निर्धारित किए गए हैं;

(ख) क्या उक्त सम्मानों हेतु सम्मान प्राप्त करने वालों के नामों के चयन में पक्षपात की शिकायतें मिली हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(घ) चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या तंत्र स्थापित किए गए हैं;

(ड.) अभी तक भारत रत्न प्राप्त करने वाले माननीय प्रधानमंत्रियों के नाम क्या हैं; और

(च) क्या सरकार को देश के किसी पूर्व प्रधान मंत्री, राजनेता और फुटबाल खिलाड़ियों को भारत रत्न दिए जाने के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, यदि हां, तो इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन)

**(क) से (घ): 'भारत रत्न' देश का सर्वोच्च सिविलियन पुरस्कार है जो मानवीय प्रयास के किसी भी क्षेत्र में सर्वोच्च स्तर की असाधारण सेवाकार्य/निष्पादन के सम्मानस्वरूप प्रदान किया जाता है। भारत रत्न हेतु प्रधान मंत्री द्वारा राष्ट्रपति को अनुशंसा की जाती है। इसके लिए किसी औपचारिक सिफारिश की आवश्यकता नहीं है। भारत रत्न प्रदान करने के संबंध में तथाकथित पक्षपात सम्बन्धी कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। तथापि, डॉ० सीएनआर राव और श्री सचिन तेन्दुलकर से भारत रत्न का पुरस्कार वापस लेने के सुझाव संबंधी पत्र प्राप्त हुआ है।**

----2

पद्म पुरस्कार सरकारी सेवकों द्वारा की गई सेवाओं सहित किसी भी कार्य क्षेत्र में 'आसाधारण एवं विशिष्ट सेवा के लिए (पद्म विभूषण), उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा'(पद्म भूषण) और "विशिष्ट सेवा" के लिए (पद्म श्री) प्रदान किए जाते हैं। यद्यपि पद्म पुरस्कारों के चयन के लिए कोई सख्त मापदंड नहीं है, तथापि चयन करते समय पुरस्कार समिति जीवन पर्यन्त उपलब्धि पर ध्यान देती है। यह किसी एक क्षेत्र-विशेष में उत्कृष्टता नहीं होनी चाहिए, बल्कि, इसका मापदंड उत्कृष्टता से अधिक होना चाहिए। इसमें कोई वास्तविकता नहीं है कि पद्म पुरस्कारों के लिए चयनित लोगों के नामों के चयन में पक्षपात के विषय में बहुत अधिक रिपोर्टें प्राप्त होती हैं।

(ड.) : देश के उन माननीय प्रधान मंत्रियों के नाम, जिन्हें अभी तक भारत रत्न प्रदान किया गया है, ये हैं (i) पंडित जवाहर लाल नेहरु, (ii) श्री लाल बहादुर शास्त्री (मरणोपरान्त), (iii) श्रीमती इंदिरा गांधी, (iv) श्री राजीव गांधी (मरणोपरान्त) और (v) श्री मोरारजी रणछोड़जी देसाई।

(च): श्री अटल बिहारी वाजपेयी, स्व० श्री पी० वी० नरसिम्हा राव, स्व० श्री बाबू जगजीवन राम और डॉ० एम० करुणानिधि को भारत रत्न दिए जाने के संबंध में सुझाव वाले पत्र प्राप्त हुए हैं। देश के किसी भी फुटबाल खिलाड़ी के पक्ष में कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। इस संबंध में प्राप्त सुझावों को प्रधान मंत्री के विचारार्थ प्रस्तुत किया जाता है।

*****